nt>

Title: Need to review the list of people living below the poverty line so as to include persons left out of the list-Laid.

डॉ संजय पासवान (नवादा) : सम्पर्ण देश में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों की जो सूची बनाई गयी है वह त्रुटिपूर्ण है। यह आनन-फानन में बनायी गयी सूची है। मैं संबंधित मंत्रालय से यह मांग करता हूं कि शीघ्र गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की सूची को पुनर्निरीक्षित किया जाए एवं शो बचे लोगों हेतु अनुपूरक सूची बनाया जाये ताकि वास्तव में गरीबी रेखा से नीचे अपना जीवन गुजर-बसर करने वाले लोगों का समावेश इस सूची में किया जा सके। यह अपने आप में बहुत गंभीर मामला है जिस पर सरकार को अविलम्ब ध्यान देते हुए त्वरित कार्यवाही करनी चाहिए।